>

Title: Regarding postponement of half-an-hour discussion.

शहरी विकास मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री कमल नाथ): मैं शैलेन्द्र कुमार जी से निवेदन करना चाहता हूं कि इन्होंने हाफ एन आवर डिस्कशन के लिए कहा था, अगर यह डिस्कशन आज की जगह कल कर ली जाए और समय तय कर लेंगे।

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): सभापति जी, जो हाफ एन ऑवर डिस्कशन है, यह बहुत महत्वपूर्ण है। आपने देखा होगा कि जब से यह सत्र चल रहा है, बाढ़ और सूखे पर जबरदस्त चर्चा हुई है। इसी संबंध में हमने फसलों के नुकसान के लिए किसानों को मुआवजे के संबंध में कहा था। इसे सरकार ने स्वीकार किया है, इसके लिए सरकार को मैं धन्यवाद देना चाहूंगा लेकिन इस शर्त के साथ कि कल दिन में डिस्कशन जरूर करा लें। यह माननीय सदस्यों की भावनाओं के साथ जुड़ा हुआ है।